दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 107 मुरादाबाद 11 August 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने 150 नई बसों को किया रवाना, रक्षाबंधन पर बहनों के लिए 2 दिन फ्री यात्रा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार की सुबह अपने सरकारी आवास पर परिवहन निगम की 150 नई बीएस-6 साधारण डीजल बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही उन्होंने झांसी, बरेली, अलीगढ़ के ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट का लोकार्पण, बरेली के ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक का लोकार्पण, सारथी हॉल फिरोजाबाद का लोकार्पण, 7 बस अड्डों का लोकार्पण, 2 का शिलान्यास भी किया। सीएम ने जिन 150 BS-6 डीजल बसों को रवाना किया उनमें से 2-2 हर जिले को मिलेंगी। रक्षाबंधन पर योगी सरकार ने यूपी रोडवेज की बसों में बहनों को दो दिन मुफ्त यात्रा का गिफ्ट दिया है। फ्री यात्रा सेवा आज रात 12 बजे से शुरू होगी। नई बसों को रवाना करने के साथ ही सीएम योगी ने ऐलान किया कि जल्?द ही बुजुर्ग महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा की सुविधा को लागू किया जाएगा। यूपी बोर्ड ने कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन पंजीकरण में अचानक से आधार नंबर को अनिवार्य कर दिया है। शासन के निर्देश पर चार दिन पहले बोर्ड ने चुपके से वेबसाइट अपडेट कर दी है



जिसके चलते उन बच्चों के रजिस्ट्रेशन नहीं हो रहे जिनके पास आधार नहीं है। पिछले साल तक बोर्ड का फॉर्म भरते समय आधार नंबर तो मांगा गया था, लेकिन अनिवार्य नहीं था।

### यूपी बीजेपी में बड़ा फेरबदल, धर्मपाल बने प्रदेश महामंत्री संगठन; सुनील बंसल को मिला प्रमोशन

उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी संगठन में बुधवार को कई बदलाव किए गए हैं। झारखंड में भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल को उत्तर प्रदेश में सुनील बंसल के स्थान पर प्रदेश महामंत्री संगठन नियुक्त किया गया। वहीं, उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल को प्रमोशन देते हुए राष्ट्रीय महासचिव बनााया गया है। वह बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना के प्रदेश प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।यूपी में भाजपा को एक के बाद एक ऐतिहासिक सफलताएं दिलाने वाले सुनील बंसल को गृहमंत्री अमित शाह का करीबी माना जाता है। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को यूपी से बड़ी जीत दिलाने में महत्वपर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने यूपी में 2014 लोकसभा चुनावों के दौरान अमित शाह के साथ यूपी संगठन को दुरुस्त करते हुए चुनावी रणनीति सेट की थी। सुनील बंसल ने 2014 लोकसभा चुनाव के बाद 2017 यूपी विधानसभा, 2019 लोकसभाचुनाव और फिर 2022 के विधानसभा चुनावों में प्रचंड जीत दिलाने का काम किया है। यूपी में 2014 से पहले पार्टी संगठन की स्थिति बहुत दयनीय थी, लेकिन सुनील बंसल ने बूथ स्तर पर संगठन के ढांचे को मजबूत किया


## भाजपा के तोते उड़ चुके हैं, नीतीश और तेजस्वी ने कर दिया खामोश, शत्रुघ्न सिन्हा ने बोला हमला



पूर्व केंद्रीय मंत्री व टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अहंकार का प्रदर्शन किया है और यह बात किसी से छिपी नहीं है। शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि भाजपा के तोते उड़ चुके हैं। सांसद शत्रुघ्न सिन्हा मंगलवार को पटना एयरपोर्ट पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने नीतीश और तेजस्वी की भी तारीफ की। टीएमसी सांसद ने कहा कि नीतीश और तेजस्वी ने भाजपा को खामोश कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास शिकायत करने का कोई कारण नहीं है क्योंकि नीतीश कुमार ने केवल वही दोहराया है जो भाजपा ने मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में किया है। अभिनेता से नेता बने शत्रुघ्न सिन्हा के अनुसार नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के बीच दूसरा महागठबंधन भाजपा को खामोश बने रहने की चेतावनी है। ज्ञात हो कि खामोश शत्रुघ्न सिन्हा का फेमस बॉलीवुड डायलॉग भी है। शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, भाजपा ने जो किया है, उसी का फल भुगत रही है। कैसे सरकार को खरीदा और अहंकार का प्रदर्शन किया है, यह छिपा नहीं है। बिहार में जो चल रहा था और जो हुआ है, वह अचानक नहीं हुआ। नीतीश कुमार जी का कोई वादा भाजपा ने पूरा नहीं किया। उलटे यह और कहा कि अब हम सबको खत्म कर देंगे और सिर्फ बीजेपी होगी। अब भाजपा ही अकेली रही गई है। यह पूछे जाने पर कि लोग हाल की घटनाओं के बारे में कैसा महसूस करते हैं, इस पर सिन्हा ने कहा, कुल मिलाकर लोग बहुत खुश हैं। असल में, वे यही कह रहे हैं कि भाजपा के साथ वही हुआ जो वह वर्षों से कर रही है। जैसा तुम बोओगे, वैसा ही काटोगे। उन्होंने इसे मध्य प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र में अपनी धन शक्ति के माध्यम से किया है... अब उन्हें जैसा का तैसा मिला। नीतीश कुमार के सीएम बनने के बाद टीएमसी के साथ आने के सवाल पर बॉलीवुड एक्टर ने कहा ने कहा कि अभी तो शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा, यह संदेश गया है कि अब एक ही रास्ता बचा है, एकता का। इस एकता की बात नीतीश कुमार के साथ ही ममता बनर्जी और अखिलेश यादव भी कर रहे हैं।उन्होंने तेजस्वी यादव को यूथ आइकॉन कहा साथ ही नीतीश को पीएम पद का दावेदार भी बताया। उन्होंने कहा, मैंने ही सबसे पहले कहा था कि नीतीश कुमार पीएम के दावेदार क्यों नहीं हो सकते।卐 गौरतलब है कि शत्रुघ्न सिन्हा पहले भाजपा में थे, लेकिन मतभेद होने के कारण उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। वह इस समय आसनसोल से तृणमूल कांग्रेस के सांसद हैं।

## मंत्री राकेश सचान लगाएंगे सजा खत्म करने की गुहार, वकीलों ने की तैयारी; CCTV कैमरों से लैस होगी कचहरी

यूपी के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान की सजा के खिलाफ सोमवार को अपील दाखिल की जाएगी। उनके वकीलों ने इसकी तैयारी कर ली है। जिला जज की कोर्ट में इसे खत्म करने की गुहार लगाई जाएगी। उधर, राकेश सचान प्रकरण के बाद प्रशासन कचहरी परिसर को सीसीटीवी कैमरों से लैस करने की योजना पर काम कर रहा है। राकेश सचान से जुड़े सूत्रों के अनुसार मंत्री के वकीलों द्वारा घटना को लेकर पूरी स्थिति से कोर्ट को अवगत कराकर जमानत पर रिहा हुए मंत्री को बरी कराने का प्रयास किया जाएगा। नौबस्ता थानाध्यक्ष ब्रजमोहन उदेनिया ने 13 अगस्त 1991 को आर्म्स एक्ट के तहत राकेश सचान के खिलाफ मुकदमा



दर्ज किया था। उसी मामले में एसीएमएम तृतीय आलोक यादव की कोर्ट ने मंत्री को एक साल की सजा और 1500 रुपये का जुर्माना लगाया था। उन्हें 15 दिन में अपील करने की अनुमति देकर जमानत पर रिहा कर दिया गया था। हालांकि राकेश सचान जमानत पर रिहा होने के बाद जाते समय कोर्ट के फैसले से संतुष्ट नजर नहीं आए थे। अब वह फिर से अपील करने की तैयारी कर रहे है। बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री कपिल दीप सचान ने बताया कि यह मामला छात्र राजनीति के दौरान का है और 31 साल पुराना है। राजनीतिक द्वेष में झूठा आरोप लगा राकेश को फंसाया गया था। अदालत के फैसले पर अब सेशन कोर्ट में अपील की तैयारी है। इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। मंत्री राकेश सचान कोई पत्रावाली लेकर गायब नहीं हुए थे। कोर्ट का सम्मान करते हुए सजा के आदेश पर अपील की पूरी तैयारी शुरू कर दी गई है। जिला जज की कोर्ट में सोमवार को अपील दाखिल करके मंत्री को रिहा करने की मांग की जाएगी। दो धाराओं में एसीएमएम तृतीय कोर्ट ने पहले ही बरी कर दिया है। अदालत पर पूरा विश्वास है। नरेश चंद्र त्रिपाठी, बार अध्यक्ष कानपुर

# यूपी के जालौन की लंका मीनार में जाने वाले भाई-बहन बन जाते हैं पति-पत्नी! 150 सालों से चली आ रही है मान्यता



जालौन-गुरुवार को भाई-बहन का त्योहार रक्षा बंधन मनाया जाएगा। आज हम आपको उत्तर प्रदेश के जालौन स्थित एक ऐसी मीनार के बारे में बताने जा रहा हैं जहां भाई-बहन साथ नहीं जा सकते। कहते हैं कि अगर भाई-बहन उस मीनार पर एक साथ जाते हैं तो वो पति-पत्नी बन जाते हैं। आसपास के लोग भी इस बात को मानते हैं। यह मीनार जालौन जिले के बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार पर मौजूद काल्पी में है। ये वही काल्पी है जहां वेद व्यास जी ने रामायण ग्रंथ लिखी थी। उसी काल्पी में ये मीनार मौजूद है। दिलचस्प बात ये है कि ये मीनार रावण को समर्पित है। इस मीनार में रावण और उसके पूरे परिवार के चित्र दीवार पर अंकित हैं। जानकारी के मुताबिक 1875 में मथुरा प्रसाद नाम के शख्स ने इस मीनार को बनवाया था। मथुरा प्रसाद एक कलाकार थे जो रामलीला में रावण का किरदार किया करते थे। कहा जाता है कि मथुरा प्रसाद रावण के व्यक्तित्व से इतना प्रभावित हो गए कि उन्होंने रावण की याद में मीनार बनवाने का फैसला किया। उस वक्त करीब दो लाख रुपये और 20 साल की मेहनत के बाद ये मीनार बनकर तैयार हुआ। इस मीनार की ऊंचाई 120 फीट है। एक और कमाल की बात ये कि इस मीनार को बनाने में सीमेंट का इस्तेमाल नहीं किया गया था।अब इस मीनार में भाई बहन के एक साथ ना जाने की मान्यता कुछ ऐसी है कि इस मीनार की चोटी तक पहुंचने के लिए 172 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती है। ये 172 सीढ़ियां चढ़ते हुए आपको मीनार की सात बार परिक्रमा लगानी पड़ती है। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार जिसके साथ आप सात फेरे लेते हैं उससे आपकी शादी हो जाती है। ऐसे में मीनार की सात परिक्रमा के चलते मान्यता है कि भाई-बहन इस मीनार पर नहीं चढ़ते।

# भाजपा मडराक मंडल अध्यक्ष व कोल विधायक ने पदयात्रा के साथ निकाली तिरंगा रैली



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा मडराक मंडल अध्यक्ष वह कोल विधायक के नेतृत्व में मडराक मंडल अलीगढ़ के अंतर्गत ग्राम में जिसमे कोल विधायक अनिल पाराशर के नेतृत्व में मडराक मंडल अध्यक्ष ठाकुर राधेश्याम सिंह,ने साफ कहा है कि रैलियां कई आयोजित की जाएंगी यह तिरंगा रैली पूरे देश भर में तिरंगा रैली आयोजित की जा रही है घर घर तिरंगा झंडा भी वितरण किए गए इस रैली में सैकड़ों किसान एवं युवा हर वर्ग का व्यक्ति तिरंगा रैली में शामिल थी रैली में,पंकज सारस्वत महामंत्री,अनिल तोमर, भूपेंद्र सिंह,शैलेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, आदि लोग मौजूद रहे

# कोई पेट्रोल भी मुफ्त दे सकता है... रेवड़ी कल्चर पर फिर बोले PM नरेंद्र मोदी, AAP पर इशारों में निशाना



पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर से देश में मुफ्त चीजें बांटने जैसी स्कीमों को गलत बताया है। हरियाणा के पानीपत में एथेनॉल प्लांट के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कहा कि रेवड़ी कल्चर देश को आत्मनिर्भर बनने से रोकता है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के विकास के लिए यह जरूरी है कि सरकार के पैसा हो और तभी वह निवेश कर सकेगी। भले ही उन्होंने किसी का जिक्र नहीं किया, लेकिन पीएम मोदी की टिप्पणी को आम आदमी पार्टी पर हमला माना जा रहा है। उन्होंने कहा, %जिन लोगों की राजनीति आत्मकेंद्रित है, वे आकर किसी दिन पेट्रोल और डीजल भी मुफ्त बांटने का ऐलान कर सकते हैं। ऐसे कदम देश के बच्चों का भविष्य छीन लेंगे।% प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऐसी स्वार्थ भरी नीतियों से देश के ईमानदार टैक्सपेयर का बोझ भी बढ़ता ही जाएगा। अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए ऐसे ऐलान करने वाले कभी नई तकनीक पर निवेश नहीं करेंगे। वे किसानों से झूठे वादे करेंगे, लेकिन उनकी आय बढ़ाने के लिए कभी एथेनॉल के प्लांट नहीं लगाएंगे। वे बढ़ते प्रदूषण पर हवाई बातें करते रहेंगे, लेकिन समाधान से दूर भागेंगे। यह नीति नहीं बल्कि अनीति है। देश के सामने जो चुनौतियां हैं, उनसे निपटने के लिए साफ नीयत चाहिए और नीति चाहिए। इसके लिए परिश्रम की पराकाष्ठा करनी पड़ती है। सरकार को बहुत सारी राशि निवेश करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों में राजनीतिक स्वार्थ अपनाने के लिए शॉर्ट कट अपनाने और समस्याओं को टालने की प्रवृत्ति होती है, वे कभी समाधान नहीं कर सकते। ऐसे लोगों को भले ही कुछ वक्त के लिए वाहवाही मिल जाए, लेकिन कामयाबी नहीं मिलती। शॉर्ट कट से शॉर्ट सर्किट हो जाता है। हमारी सरकार समस्याओं के स्थायी समाधान में जुटी है। पराली की समस्या को लेकर बहुत कुछ कहा गया था, लेकिन शॉर्ट कट वाले कभी इसका समाधान नहीं कर पाए। हम किसानों की समस्या समझते हैं, इसलिए हम उनकी मदद कर रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के पानीपत में जैविक ईंधन प्लांट के उद्घाटन के मौके पर यह बात कही। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार के पास जब धन ही नहीं होगा तो फिर वह कैसे बड़े-बड़े प्लांट लगाएगी। हमें यह याद रखना है कि हम रहें या न रहें, यह राष्ट्र तो हमेशा रहेगा। सदियों से रहता आया है और सदियों तक रहेगा। उसकी संतानें भी हमेशा रहेंगी। हमें भावी संतानों को बर्बाद करने का हक नहीं है।

# एटा सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड कस्बा मलावन में भाजयुमो के नेतृत्व द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- विधानसभा एटा के मलावन मंडल मे आजादी के अमृत महोत्सव की 75 वीं वर्ष गांठ की श्रंखला में हर घर तिरंगा कार्यक्रम एटा सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड युवामोर्चा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए साथ मे अविनाश शर्मा रामू भटेले जी, जिला पंचायत सदस्य श्री यशपाल शाक्य जी, बबरौती प्रधान श्री अभय प्रताप जी,अयार प्रधान श्री ऋषि वर्मा जी, सौहार प्रधान श्री पवन जी,सर्वेंद्र यदुवंश जिला मंत्री , मण्डल अध्यक्ष दुष्यंत चौहान, मण्डल महामंत्री विमल राठौर ,मण्डल उपाध्यक्ष अंकित शाक्य , सौरव राठौर ,जुगल किशोर शाक्य, मण्डल मंत्री चंद्रशेखर शाक्य, कृष्णाकांत माथुर, मीडिया प्रभारी विनेश यादव ,सोशल मीडिया नवनीत शाक्य, सह मीडिया प्रभारी दयानंद राजपूत, मण्डल कार्यसमिति सदस्य रवि चौहान, पार्टी के अन्य कार्यकर्ता गण एवं वरिष्ठ पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# डिलारी में युवती की बरामदगी के लिए बजरंग दल ने थाने का किया घेराव



नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - डिलारी- युवती की बरामदगी के लिए बजरंग दल ने थाने का घेराव कर गुस्से का इजहार किया। ग्रामीणों ने युवती की बरामदगी और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने शीघ्र ही युवती की बरामदगी का आश्वासन दिया। लगभग एक माह पहले एक गांव निवासी युवती को पड़ोसी गांव के दूसरे समुदाय का युवक बहला-फुसलाकर अगवा कर ले गया था। इससे गांव में तनाव पैदा हो गया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर डिलारी पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन अभी तक डिलारी पुलिस युवती को बरामद व आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इसके चलते बुधवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर थाना प्रभारी सुनील कुमार को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पांच दिन के अंदर युवती बरामद नहीं हुई तो पुलिस के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उधर थाना प्रभारी सुनील कुमार ने शीघ्र ही युवती की बरामदगी का आश्वासन दिया।

# डिलारी थानाक्षेत्र में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना से फैली सनसनी

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -डिलारी थानाक्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। सामूहिक दुष्कर्म की घटना से सनसनी फैल गई। पीड़िता के परिजनों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाक्षेत्र के एक गांव में लगभग पांच माह पूर्व वर्षीय किशोरी घर पर अकेली थी। माता-पिता किसी काम से बाहर गए थे।

युवती को अकेला देख दूसरे समुदाय के युवकों ने दबोच कर अश्लील हरकतें शुरू कर दी। विरोध पर मारा पीटा कपड़े फाड़ दिए। सामूहिक दुष्कर्म कर मोबाइल से अश्लील वीडियो बना डाली। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर छह माह तक सामूहिक दुष्कर्म करते रहे। किशोरी लोकलाज के डर से सब कुछ सहती रही। इतना ही नहीं आरोपी किशोरी के परिजनों को जान से मारने की धमकी देने लगे। घटना का खुलासा तब हुआ जब किशोरी गर्भवती हो गई। घटना को दबाने के लिए चारों आरोपियों ने गांव की दाई से किशोरी का गर्भपात करा कर कुछ रुपए दे दिए। गर्भपात कराने की बाकी रकम न मिलने पर दाई किशोरी के घर पहुंची और परिजनों से रकम मांगी। यह सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। किशोरी के परिजनों ने बुधवार को पीड़ित थाना डिलारी को चारों आरोपियों के नाम तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। सही तथ्य पाए जाने पर मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।

# आपसी भाई चारे के उद्देश्य को लेकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करती रही है-सूफी वसीम अहमद



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-सहाराअमन कमेटी जो धर्म और जाती के भेदभाव से ऊपर उठकर सभी त्योहारों पर अमन शान्ती सदभाव और आपसी भाई चारे के उद्देश्य को लेकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करती रही है और करती रहेगी इसी क्रम मे आज मुरादाबाद मे ( मोहर्रम )यूमे आशूरा के मोके पर सहारा अमन कमेटी के प्रान्तीय अध्यक्ष सूफी वसीम अहमद अपनी पूरी टीम के साथ ईदगाह डबल फाटक व विभिन्न चौराहों पर अमन शान्ती के लिए पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग करते नज़र आए और ताज़ियेदारों का भी पूरा सहयोग किया सहारा अमन कमेटी के पदाधिकारियों ने अपनी पूरी सराहनीय ज़िम्मेदारी निभाई साथ ही पुलिस प्रशासन एवम ट्राफिक पुलिस प्रशासन का महत्वपूर्ण योगदान रहा सहारा अमन कमेटी के सहयोगी सदस्य अध्यक्ष सूफी वसीम अहमद हाजी मोहम्मद युसुफ मोहम्मद ताहिर साजिद हुसैन मोहम्मद यासीन मोहम्मद अनवर मोहम्मद समीर शाहिद हुसैन मकबूल हुसैन आदि ने सराहनीय भूमीका निभाई

# जिलाधिकारी ने की कृषि, सिंचाई, उद्यान, गन्ना, मत्स्य, लघु सिंचाई, सहकारिता, दुग्ध एवं पशुपालन विभाग की मासिक समीक्षा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर कृषि, सिंचाई, उद्यान, गन्ना, मत्स्य, लघु सिंचाई, सहकारिता, दुग्ध एवं पशुपालन विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि किसान क्रेडिट कार्ड पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा अमृत सरोवर में लिये जाने वाले तालाबों का पट्टा आवंटन न किया जाये। मत्स्य अधिकारी ने बताया कि लक्ष्य के सापेक्ष 107 प्रतिशत की प्रगति हो गयी है। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि 94.35 प्रतिशत गन्ने का भुगतान हो गया है, उस पर जिलाधिकारी ने शत प्रतिशत भुगतान समय से कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित विभाग विभागीय कार्यों में विशेष रुचि लेकर लक्ष्य के सापेक्ष कार्य को प्राप्त करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन, जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा



तिवारी, जिला उद्यान अधिकारी गयाप्रसाद सहित सहकारिता, मत्स्य आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# महत्वकांक्षी योजना हरिशंकरी कार्यक्रम का आयोजन पारकर इण्टर कॉलेज मुरादाबाद में संपन्न किया गया




दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - महाकाल सेवक संघ द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना हरिशंकरी कार्यक्रम का आयोजन पारकर इण्टर कॉलेज मुरादाबाद में संपन्न किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा हरिशंकरी का रोपण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा पारकर कॉलेज के बच्चों को हरिशंकरी पौधारोपण की स्थापना और उसकी विशेषता के बारे में लोगों को जानकारी दी।

इस मौके पर प्रभागीय निदेशक सूरज, उपप्रभागीय वनाधिकारी सतेंद्र चैधरी, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ विशेष गुप्ता, पर्यावरण इकोलॉजिकल उत्थान समिति के सलाहकार राम सिंह बिष्ट, प्रोफेसर अनामिका त्रिपाठी, महाकाल संस्था के अध्यक्ष डॉ प्रशांत गुप्ता, एस0के0 नाथन प्रिंसिपल पारकर कॉलेज, क्षेत्रीय वनाधिकारी मुरादाबाद एस0एस0रावत ,उपक्षेत्रीय वनाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह, उपक्षेत्रीय वनाधिकारी मनोज वर्मा, वन रक्षक अमरजीत, आदि उपस्थित रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial


# One more break

On Tuesday, BJP leaders in Maharashtra were taking oath as ministers and in Bihar, the way was being prepared for the farewell of BJP leaders from the cabinet. Meaning, if Maharashtra has come in the bag of BJP, which has gone to Bihar. Efforts to remove the tension which had been increasing for the last months were not done as much as they should have been. After the BJP's big victory at the central level in the last Lok Sabha elections, the JD(U) not coming forward happily to join the cabinet only added to the problems. As a result, the National Democratic Alliance broke up. The departure of JD-U, the biggest ally of the BJP in the alliance, is a big loss. Nitish Kumar has been a strong and acceptable face of the NDA for most of the last more than two decades. If they parted ways in 2013, they would have returned in 2017. The figures are witness, staying with them only gave strength to the BJP. However, the equally big truth is that if Nitish has been the Chief Minister for so long, then the BJP has contributed the most. He alone never reaches power, but for him there are political gains on both sides. Staying in the NDA has its advantages, so staying in the Grand Alliance suits their inclusive politics.“However, with the change in Bihar, the equation of national politics has also changed. With 16 members in the Lok Sabha and four in the Rajya Sabha, the JD-U used to stand firmly with the NDA government. It was the biggest ally of the BJP. In the changed equation, now the newly formed Shiv Sena group in Maharashtra has remained the biggest ally of the BJP. This group has a total of 12 MPs. Around six Lok Janshakti Party MPs are with the NDA. Apna Dal (Sonelal) has two MPs and after that there are only six-seven parties in the NDA with one MP each. There are many other parties, but without numbers they don't matter. Had JD-U mattered, the BJP should have tried harder to keep it together. Now it will happen that the BJP will miss a big ally in Bihar. Votes will also be available in the name of Narendra Modi in the Lok Sabha elections, but at the state level, the BJP will have to deal with the lack of strong local leadership. On the other hand, JD-U will remain in power in Bihar and RJD, Congress and Left parties will also work with it. RJD, Congress and Left parties have run the government together in the past, but especially the RJD has to keep in mind that it has to earn a new trust among the people of Bihar. There is a lot of work left in Bihar and Tejashwi Yadav has been counting the shortcomings very well, now he is getting a chance, so address the grievances of the people. This has been a problem with Bihar for a long time, the situation in Bihar is best known by its opposition leaders. The common people would like that both the opposition and the ruling party should work more honestly for the development of Bihar. No doubt, there will be a lot of politics in Bihar for at least three-and-a-half years, but the development of the state should also be faster than before. It is also necessary to note that where did Bihar stand immediately after independence and where does it stand today in its 75th year?

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# From Anushka Sharma to Soha Ali Khan, when actresses slapped co-stars

You must have often heard that what celebs do not do anything to mold themselves into a character. Not only the looks, while many celebs mentally prepare themselves for the character, on the other hand some even do the action sequences of their films themselves. It has also been seen many times in films, where the actresses slapped the co-stars to make the scene real. In this report, we tell you some similar scenes. Katrina Kaif and Akshay Kumar (Katrina Kaif Slaps Akshay Kumar): The pair of Akshay Kumar and Katrina Kaif is very much liked by the audience. Both have given many hits together and have won the hearts of the audience many times. Sooryavanshi is also included in Akshay-Katrina's hit list. In one scene of the film, Katrina had to slap Akshay and to keep the scene real, Katrina actually slapped Khiladi Kumar. Anushka Sharma and Ranbir Kapoor (Anushka Sharma Slaps Ranbir Kapoor): Actor Ranbir Kapoor is in news these days about his upcoming film Brahmastra. Ae Dil Hai Mushkil is also included in Ranbir Kapoor's hit films, in which Anushka Sharma was seen with him. In one scene of the film, Anushka had to slap Ranbir. It is said that Anushka slapped Ranbir so hard that the actor got angry. Soha Ali Khan and Sunny Deol: Bollywood's strong actor Sunny Deol has worked in many of the best films of cinema and has won the hearts of the audience with his vigorous action. Soha Ali Khan was seen in the film Ghayal Once Again opposite Sunny Deol. In one scene of the film, Soha slapped Sunny so hard that the actor was left numb. Mrunal Thakur and Shahid Kapoor: Actress Mrunal Thakur, who has made a good name for herself in a very short time, has also received slaps to her co-star. Actually, Mrunal was seen with Shahid Kapoor in the film Jersey. During a scene in the film, Mrunal slapped Shahid, due to which the scene proved to be perfectPriyanka Chopra and Irrfan Khan: Actor Irrfan Khan may not be in this world, but Due to his performance, he will always be alive in the hearts of people. Irrfan Khan was a great artist and he proved this in many films. Irrfan Khan worked with Priyanka Chopra in the film Saat Khoon Maaf. During an intense scene of the film, Priyanka and Irfan slapped each other a lot and this scene was shot completely.



# Raju Srivastav's health deteriorates, comedian collapses on trade mill in gym; AIIMS Recruitment

Comedian Raju Srivastava has been admitted to AIIMS in Delhi. It is being told that while working out in the gym, he fell on the trade mill and got injured. Thereafter, he was immediately taken to the hospital. It is being told that he has also suffered cardiac arrest after falling and he has been given CPR twice. It is being told that Raju Srivastava was staying in a hotel in Delhi and was doing workouts in the hotel gym on Wednesday morning. During this, when he was exercising on the treadmill, suddenly he had severe chest pain and fell. The people present there immediately rushed him to the hospital and reached the emergency department of AIIMS. Here immediately the doctors of the cardiology department gave him CPR, after which his health is being told to improve. At present, his treatment is going on. Fans are praying – In AIIMS cardiology, doctors are busy in their treatment, while crores of their fans are praying for their well being. Raju Srivastava, a resident of Kanpur, UP, is very fond of crores of people for his special style and for making people roll with utmost ease. Apart from TV shows, stage shows, he has also worked in many films. Raju is also a leader of the BJP - 8-year-old Raju Srivastava is a famous comedian as well as a leader of the Bharatiya Janata Party (BJP). He had joined the BJP before the 2014 Lok Sabha elections. Earlier he was also in Samajwadi Party.



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# सी0बी0आई0 जाँच हो तो एटा सैक्स रैकेट का हो सकता है खुलासा-पंकज कुमार एडवोकेट।

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- जनपद एटा के विभिन्न थाना क्षेत्रों की बालिक व नाबालिक रेप व गैंगरेप पीड़िताओ ने कलेक्ट्रेट स्थित जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के सामने मीडिया को बताया कि उनको पुलिस से न्याय ना मिल पाने के कारण वह अपने अपने परिवार सहित स्वतंत्रता दिवस के दिन न्याय पाने हेतु धरना प्रदर्शन स्थल पर एक दिवसीय भूख हड़ताल/ अनशन करने के लिए अपने वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज कुमार एडवोकेट को साथ लेकर जिलाअधिकारी एटा को प्रार्थना पत्र देकर भूख हड़ताल करने की मांग की है और मीडिया के सामने अपने अधिवक्ता के माध्यम से रेप व गैंगरेप पीड़िता ने अपनी पीड़ा सुनाते हुए कहा है कि उसके साथ रेप होता है तो विवेचक मुल्जिमो से सांठगांठ करके फेयर इन्वेस्टिगेशन नहीं कर रहे हैं। यह मामला थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम कुठिला लायकपुर का है। इस नाबालिग पीड़िता के पिता ने अपने अधिवक्ता पंकज कुमार एडवोकेट के माध्यम से माननीय न्यायालय की शरण में जाकर बताया कि उसके प्रकरण में विवेचक फेयर अन्वेषण नहीं कर रहे हैं ,और मुल्जिमानों को बचाने का प्रयास में लगे हैं। इस प्रकरण पर संज्ञान माननीय न्यायालय स्पेशल जज,एक्सक्लुसिव कोर्ट ,पोस्को एक्ट एटा ने संज्ञान लिया है और पुलिस को फेयर इन्वेस्टिगेशन के आदेश दिए हैं। लेकिन पीड़िता के पिता का कहना है कि विवेचक पर न्याय की कोई उम्मीद नहीं है । दूसरा प्रकरण थाना रिजोर क्षेत्र के ग्राम फफोतु का है। यहां पर रेप व गैंगरेप पीड़िता ने बताया कि उसके नाबालिग पुत्र की कनपटी पर तमंचा रख कर उसके ही घर में उसके साथ पहले कुमरपाल ने रेप किया। बाद में कुमारपाल ने अपनी गैंग के लोगों के साथ मिलकर जबरन गाड़ी से उठा ले गए ,और उसके साथ गैंगरेप किया गया। लेकिन उस गैंगरेप पीड़िता की रिपोर्ट थाना पुलिस ने आज तक नहीं लिखी है।थकहार कर पीड़िता अपने ट्रक चालक पति के साथ और अपने अधिवक्ता पंकज कुमार एडवोकेट के साथ माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की शरण में पहुंचे। माननीय न्यायालय ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए, परिवाद दाखिल कर स्वयं संज्ञान लेने का आदेश पारित किया है ।पीड़ीता के अधिवक्ता पंकज कुमार ने मीडिया को बताया कि एटा जिले की पुलिस विधि के सिदांतो की अवहेलना कर रही है। बलात्कार जैसे गंभीर प्रकरण में थाना पुलिस धारा 166 क का अपराध रही है। भारतीय दंड संहिता की धारा- 166 क का अपराध करना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। पंकज कुमार ने कहा कि पिछले 1 वर्ष से लगातार समाचार पत्रों के माध्यम से संज्ञान में आ रहा है कि जनपद एटा से लगातार नाबालिक लड़कियों, महिलाओं के गायब होने, उनके शारीरिक शोषण होने, की घटनाएं प्रकाश में आ रही है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि एटा में सेक्स स्कैंडल चल रहा है। जिसे #एटा सेक्स स्कैंडल 2022 कहा जाये तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।इससे कानून व्यवस्था पर सवाल उठना लाजमी है । मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय से मांग करता हूँ कि एटा सेक्स स्कैंडल की सीबीआई जांच कराई जाए, तो इसमें बड़े-बड़े सफेदपोश भी प्रकाश में आ सकते हैं।

# पटियाली क्षेत्र के सपा विधायक नादिरा सुल्तान पहुंचे ग्राम बरौना में

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- ग्राम बरौना गंगा कि किनारे बसा हुआ है जिसका कई दिनों से गंगा कटान कर रही है विधायक नादिरा सुल्तान ने कहा कि मैं इस बात की शिकायत बहुत बार डीएम, सिंचाई विभाग के अधिकारी,व सॉरू से कर चुके हूं जब तक अधिकारी इस क्षेत्र में पत्थर लगाकर बांध नहीं बनाते है तब तक हर साल इस तरह किसी न किसी गांव में कटान होता रहेगा और में आज फिर उच्च अधिकारियों से मिलकर इस विषय पर बात करूंगी और जिस संभव मदद हो सके कराने की कोशिश करूंगी इस मौके पर ग्राम प्रधान पप्पू बघेल व सभी ग्रामीण मौजूद रहे

# जलेसर कस्बे में निकली तिरंगा यात्रा



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- आजादी अमृत महोत्सव को लेकर नगर में निकली गई तिरंगा यात्रा।
जलेसर कस्बे में तिरंगा यात्रा में उमड़ी देश भक्तों की भीड़। तिरंगा यात्रा में गूंजे भारत माता की जय के जयकारे। तिरंगा यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए जलेसर पुलिस फोर्स तैनात। जलेसर निधौली चौराहे से नगर के प्रमुख मार्गो से आगरा चौराहे तक निकली तिरंगा यात्रा। जलेसर कस्बे में निकली तिरंगा यात्रा।

# भाजयुमो कार्यकताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा फहराने पर दिया जोर



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहाँपुर- भाजयुमो कार्यकताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा फहराने पर दिया जोर,भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू वाल्मीकि के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम यात्रा मे शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक चेतराम, आर्दश नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपम शुक्ला, भाजयुमो जिला महामंत्री विजयशंकर अवस्थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर हर घर तिरंगा अभियान के दौरान बुधवार को प्रातः 9-00 भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने नगर के नंदलाल पैलेस से तिकुनिया चौराहे तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया,यात्रा में देश भक्ति के गीतों पर जमकर झूमें कार्यकर्ता,यात्रा में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू बाल्मीकि का रहना हुआ यात्रा का शुभारंभ भाजयुमो जिला अध्यक्ष रोहित सुधीर सिंह के नेतृत्व में हुआ इस दौरान यात्रा में क्षेत्रीय विधायक चेतराम,भाजयुमो जिला महामंत्री विजय शंकर अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष अंकित भदौरिया, ब्लाक प्रमुख नामित दीक्षित, प्रांशु दीक्षित राजेश मिश्रा, रोहित गुप्ता, किसान मोर्चा अध्यक्ष सचिन मिश्रा, जय किशन गुप्ता, हरिओम मिश्रा,युवा मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र मौर्य, सभासद छत्रपाल कश्यप, विपिन गुप्ता,सुनील कश्यप, मनीष कुमार,अंशुल सिंह, अभिषेक कुमार, सुनील शुक्ला, रोहित कुमार, चैन माथुर, संजय श्रीवास्तव सुखचैन सिंह राहुल गुप्ता आकाश कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारी गण मौजूद रहे

# शारदा जौहरी कन्या महाविद्यालय में कराया गया सांस्कृतिक प्रतिभा खोज कार्यक्रम का भव्य आयोजन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा- कासगंज-अपर जिलाधिकारी ए0के0 श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में श्रीमती शारदा जौहरी कन्या महाविद्यालय कासगंज में उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार सूचना/ संस्कृति विभाग द्वारा पूर्ण भव्यता के साथ शुक्रवार को सांस्कृतिक प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। अपर जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर एवं सरस्वती मां का माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जनपद की प्रतिभाओं को निखारने तथा उन्हें आगे बढ़ाने के लिये आयोजित इस सांस्कृतिक प्रतिभा खोज कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक दलों के कलाकारों तथा कुछ एकल प्रतिभागियों द्वारा अत्यंत मनमोहक 20 कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जनपद की उभरती प्रतिभाओं ने लोक गीत और लोक नृत्य के माध्यम से समां बांध दिया। छात्र, छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा कार्यक्रम में विशेष रूचि दिखाई गई। निर्णायक मण्डल में अपर जिलाधिकारी ए0के0 श्रीवास्तव के साथ ही राधाकृष्ण दीक्षित, श्रीकृष्ण शरद, पुलकित सक्सैना, जयंत कुमार गुप्ता व अन्य सदस्य तथा अपर जिला सूचना अधिकारी नीतू कनौजिया उपस्थित रहीं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सांस्कृतिक विभाग उ0प्र0 द्वारा विभिन्न प्रदर्शनकारी कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी सांस्कृतिक विधाओं यथा लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वादन, आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोक नाट्य, रामलीला, रासलीला, भजन एवं कीर्तन, ललित कला के प्रतिभावान कलाकारों की खोज हेतु शासन के निर्देशानुसार सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है। आयोजन में भाग लेने वाले सभी कलाकारों को संस्कृति विभाग उ0प्र0 की ई-डायरेक्ट्री में पंजीकृत किया जायेगा तथा उनको क्यूआर कोड बेस्ड पहचान पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त कलाकारों को पंजीकरण के आधार पर आगामी कार्यक्रमों एवं सरकारी आयोजनों में प्रस्तुति का अवसर प्राप्त हो सकेगा।

# विश्व आदीवासी दिवस पर रैली का अयोजन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- भैयाथान-uNO द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के जिला स्तरीय कार्यक्रम के आव्हान पर ओड़गी से सूरजपुर तक बाइकका भव्य रैली का नेतृत्व आदिवासी युवा छात्र संगठन के द्वारा किया गया जिसमें डीजे बाजे के साथ 500 बाइक हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार बंछोर, जिला पंचायत सदस्य देवनारायण चेरवा,पूर्व जिला पंचायत सदस्य सीताराम भास्कर ,कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष संदीप कुशवाहा।कंवर यूथ क्लब के जिला अध्यक्ष सत्यप्रकाश पैकरा,सरपंच करौंदामुड़ा सत्या सिंह, कंवर समाज के जिला अध्यक्ष रामवृक्ष पैकरा, महासचिव रमाकांत पैकरा,जनपद सदस्य नधिर पैकरा, मुख्य रूप से रैली का नेतृत्व,ड्डस्र संरक्षक अशोक पैकरा, जिलाध्यक्ष कृष्ण नारायण चेरवा,AYS ओड़गी ब्लॉक अध्यक्ष लक्षण सिंह पोर्ते,भैयाथान अध्यक्ष अंकित पैकरा, प्रेमनगर अध्यक्ष अनिमेष सिंह, प्रतापपुर अध्यक्ष सचिन पैकरा, सदस्य रश्मि सिंह, आलोक सिंह, प्रेम सिंह,चंद्रिका सिंह,सुरजदेव सिंह ,गगन सिंह, अभिषेक मरावी, जयसिंह, मनमोहन सिंह,अभय टोप्पो, नितिन एक्का, मंजीत पैकरा, राजेश सिंह, योगेश सिंह, कुलदीप सिंह, कुलदीप पैकरा, नीरज कुमार, संदीप पैकरा अन्य,ड्डस्र के सदस्य थे। समाज के प्रदीप सिंह, देवेंद्र सिंह,देवी पैकरा, हुकुम पैकरा, जोखन पैकरा, बिंदेश्वरी पैकरा

# शिक्षा ने बदली पंडो जनजातियों की सोच, तीर कमान नहीं अब किताब को बना रहे औजार, समाज सुधार की भूमिका का करेंगे निर्वाहन



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-सूरजपुर जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के युवाओं को मिला विभिन्न विभागों में शासकीय नौकरी नियुक्ति पत्र प्राप्त युवाओं ने कलेक्टर से मुलाकात कर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का आभार प्रकट किया है सहायक ग्रेड 3 एवं वाहन चालक सहित अन्य पदों पर दी जा रही है नियुक्ति विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो समुदाय के युवा सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक तथा विकास की मूलधारा से दूर होने के बावजूद जीवन में कुछ कर गुजरने के सपने को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। नियुक्ति पत्र प्राप्त युवाओं ने कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा से मुलाकात कर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का आभार प्रकट किया है। कलेक्टर ने नियुक्ति पत्र प्राप्त युवाओं से हालचाल जाना एव समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बन कर समाज कल्याण के लिए बेहतर भूमिका का निर्वहन करने बधाई देकर शुभकामनाएं दी। राज्य शासन एवं सूरजपुर जिला प्रशासन के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक में सुधार कर उनका जीवन बदलने के लिए के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन जनजातियों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि रोजगार, स्वरोजगार, सरकारी नौकरी एवं अन्य क्षेत्र में प्रगति का कार्य प्रशस्त कर रहा है। पंडो जनजाति समुदाय के आज के युवा तीर-धनुष के साथ शिक्षा, रोजगार के साथ पूरे समुदाय के अधिकारों की बात करती है।प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य में सभी विशेष पिछड़ी जन जातियों को उनकी पात्रता अनुसार तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के सीधी भर्ती के रिक्त पदों में नियुक्त किये जाने की घोषणा किया गया है। घोषणाओं पर अमल करते हुए जिला प्रशासन ने सूरजपुर जिले में लगभग 71 पदों का चिन्हांकन कर नियुक्ति की कार्यवाही किया जा रहा है। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सहायक ग्रेद 3 में श्री निलेश भानी को उपसंचालक पंचायत कार्यालय में, सुश्री डुबलेश्वरी भानी को सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में, श्रीमती नानमनी पंडो को जिला कोषालय अधिकारी कार्यालय में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। इसी तरह श्री महेंद्र कुमार को मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में वाहन चालक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। नियुक्ति पत्र प्राप्त युवाओं ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं जिला प्रशासन का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है। सभी नियुक्त युवा निः संदेह पूरे पंडो समाज के लिए गौरव के साथ प्रेरणा स्रोत बनेंगे।

# शिक्षण सामग्री, कॉपी पेन रबड़ शीश पेंसिल पाठ्य सामग्री इकट्ठा कर जरूरतमंद बच्चों के लिए डोनेट कराया गया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर-परम पूज्य सदगुरुदेव श्री सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानव उत्थान सेवा समिति सदस्यों के द्वारा मिशन एजुकेशन के तहत गरीब बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ,आइसेक्ट कंप्यूटर एजुकेशन ,टैक्सी चालकों ,अधिवक्ता संघ ,समाजसेवी मारवाड़ी संस्कृति महिला संघ, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ,नगर पालिका परिषद सूरजपुर इत्यादि स्थानों पर मिशन एजुकेशन का डोनेशन बॉक्स लगा कर शिक्षण सामग्री, कॉपी पेन रबड़ शीश पेंसिल पाठ्य सामग्री इकट्ठा कर जरूरतमंद बच्चों के लिए डोनेट कराया गया जिससे गरीब बच्चों का पढ़ाई सुचारू रूप कराया जा सके समिति के सदस्यों द्वारा अपने काम काज जो को ध्यान में रखते हुए समय निकाल के जरूरतमंद बच्चों को उनकी मंजिल तक पहुंचाने का अभिमान चला रहे हैं मिशन एजुकेशन के द्वारा शिक्षण सामग्री वितरण पूरे भारत में 5 अगस्त से 10 अगस्त तक चलाया जा रहा है इसी कड़ी में सूरजपुर जिले के प्राथमिक शाला गांगीकोट खास में 50 बच्चों को, प्राथमिक शाला खोपा में 47 बच्चों को, प्राथमिक शाला नरकालों में 68 बच्चों को परम पूज्य महात्मा अर्पणा बाई जी एवं मान्यता बाई जी के कर कमलों के द्वारा शिक्षण सामग्री वितरित किया गया आज दिनांक 10 -8 -2022 को शासकीय बालक प्राथमिक शाला मानपुर में 40 बच्चों को शासकीय कन्या प्राथमिक शाला मानपुर में 49 बच्चों को नगर पालिका अध्यक्ष सूरजपुर के के अग्रवाल जी ,वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रवेश गोयल जी एवं जनपद सदस्य श्रीमती राम बाई जी के कर कमलों से वितरित किया गया सूरजपुर जिले के 260 बच्चे शिक्षण सामग्री से लाभान्वित हुए मिशन एजुकेशन से जुड़े सदस्यों के द्वारा प्राइवेट स्कूल ,सरकारी संस्थान में जाकर गरीब बच्चों के लिए पाठ्य सामग्री डोनेट करने के लिए प्रेरित करते हैं और उन संस्थाओं के अनुमति से डोनेशन बॉक्स लगाते हैं जिसमें संपन्न परिवार के छात्र-छात्राओं एवं संस्थाओं के कर्मचारियों के द्वारा बॉक्स में कॉपी पेन रबड़ पेंसिल आदि डोनेट करते हैं इससे प्राप्त पाठ्य सामग्री का वितरण जरूरतमंद बच्चों को किया जाता है कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री राम अधार सोनवानी प्रधान पाठक, श्री अभिमन्यु सिंह प्रधान पाठक ,श्री जितेंद्र कुमार साहू जी शिक्षक, श्रीमती सईदा बानो अंसारी शिक्षक, श्रीमती मधु वैश्य शिक्षक श्रीमती राम बाई जनपद सदस्य महोदर राम सेवक राम धर्मजीत मोती लाल सिंह रूद्र प्रताप छत्रपाल परमानंद गुलाबचंद लालचंद सहदेव लालचंद राजाराम, राजवाड़े जीतराम छत्रपाल बाबूलाल राजु रामएवं अन्य लोगों के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया

# रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन,40 वाहनों से साढ़े 9लाख का जुर्माना वसूल

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देशन में रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन को लेकर खनिज विभाग की सख्ती लगातार जारी है।पिछले दो महीनों में ऐसे 40 वाहनो को जप्त करते हुए वाहन मालिकों से करीब साढ़े नौ लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है।बारिश के इस मौसम में नदी,नालों से रेत का उत्खनन प्रतिबंध है विभाग से अनुमति प्राप्त भंडारण केंद्रों से ही रेत की आपूर्ति की जा सकती है,ऐसे में अवैध रूप से उत्खनन व परिवहन करते पाए जाने वाले वाहनों पर कार्यवाही की गई है। खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले जून माह से विभाग की टीम लगातार क्षेत्रों में भ्रमण कर रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई कर रही है अब तक की कार्रवाई में 40 ऐसे वाहन पकड़ में आए जो नियमों का उल्लंघन करते पाए गए हैं जिन पर विभाग ने अलग-अलग कार्रवाई कर करीब साढ़े नौ लाख की जुर्माना वसूल किया है इस कार्रवाई में अवैध भंडारण,क्षमता से अधिक रेत परिवहन किए जाने की भी कार्यवाही शामिल है।खनिज अधिकारी संदीप नायक के अनुसार बारिश के मौसम में नियमानुसार नदी नालों से रेत की निकासी प्रतिबंधित है बावजूद कई जगह से शिकायतें मिलने पर विभाग ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की है।विभाग की टीम राजस्व व पुलिस विभाग के सहयोग से लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर अवैध परिवहन करने वाले वाहनों की जांच पड़ताल कर रही है। नियम विरुद्ध रेत परिवहन किए जाने वाले वाहन मालिकों पर प्रकरण दर्ज कर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही हैं।जून माह से 8 अगस्त तक 40 वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए अर्थदण्ड राशि रुपये 9 लाख 49 हजार नौ सौ पन्चानवे रुपए जमा करवाया गया है। श्री नायक के अनुसार विभाग की यह कार्रवाई निरंतर जारी है जहां से भी शिकायतें मिल रही है विभाग फौरन कार्रवाई कर रही है और क्षेत्र में विभागीय टीम सघन भ्रमण कर अवैध उत्खनन व परिवहन पर नजरें रखी हुई। आधी रात को विभाग की कार्रवाई,दो वाहन मालिको पर 78 हजार का जुर्माना आधी रात को की है।